ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 15-05-2026

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2026-05-15 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2026-05-16	2026-05-17	2026-05-18	2026-05-19	2026-05-20
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	44.0	44.0	45.0	46.0	46.0
न्यूनतम तापमान(से.)	27.0	28.0	28.0	29.0	30.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	34	28	27	26	30
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	11	10	9	9	10
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	3	3	4	5	5
पवन दिशा (डिग्री)	289	289	288	274	270
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	6	5	4	2
चेतावनी	कोई चेतावनी नहीं	लू	लू	लू	लू

पूर्वानुमान सारांश:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने कीसंभावना। अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 27 से 30 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 3-5 किमी/ घंटा रहने की संभावना है।

मौसम चेतावनियाँ (अगले दिन के 08:30 IST तक मान्य):

लू चलने व गर्म रात्री रहनें की सम्भावना ।

मौसम चेतावनियों के कृषि पर संभावित प्रभाव और संबंधित एग्रोमेट सलाह:

सब्जी की फसलों और बागानों में जलमांग बढ़ सकती हैं।

सामान्य सलाहकार:

जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा है एंव आगामी रबी की फसल में जीरा लगाना चाहते है तो उस खेत में सरसों की फलकटी 2.5 टन व 0.5 टन सरसों की खली प्रति हेक्टर का भुरकाव करके तवीये निकाल कर एक सिंचाई तेज गर्मी के समय दें ताकि फलकटी व खल के सड़ने से जो गैस निकले उससे उखटा रोग की फंफूद अभी ही खत्म हो जाएं।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों में दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहने की सम्भावना है।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है तथा छोटे रह जाते है। नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रीड 3 मिलीलीटर प्रति 10 लीटर पानी या डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
टमाटर	टमाटर में पर्णकुंचन या मोजेक रोग के प्रकोप से पौधों के पत्ते सिकुड़ कर मुड जाते है। यह रोग कीट के कारण फैलता है। नियंत्रण के लिए डाईमिथोएट 30 ई.सी. का एक मिली लीटर का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	आने वाले दिनों में उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए जानवरों को छाया में रखें और निर्जलीकरण से बचाने के लिए दिन में 3-4 बार पीने का पानी दें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	किसान भाई इस मौसम मे बेल वाली फसलों मे न्युनतम नमी बनाए रखें अन्यथा मृदा मे कम नमी होने से परागण पर असर हो सकता है जिससे फसल उत्पादन में कमी आ सकती है।
सामान्य सलाह	आने वाले दिनों में लू चलने की संभावना हैं अतः सब्जियों व बागानों में अतिरिक्त सिंचाई अवश्य दे। वाष्पीकरण द्वारा जल की हानि को कम करने के लिये घास फूस व पालिथीन आदि की पलवार का प्रयोग करें।

मौसम चेतावनियों के संभावित प्रभाव (सामान्य):

आने वाले दिनों में लू चलने की संभावना हैं अति आवश्यक कार्य ना हो तो किसान भाई दोपहर को बाहर ना निकले।

प्रभाव आधारित सलाह (सामान्य):

आने वाले दिनों में लू चलने की सम्भावना हैं फसलों, सब्जियों व फलदार पौधों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।

Farmers are advised to download Unified �Mausam� and "Meghdoot" android application on mobile for Weather forecast and weather based Agromet Advisories and "Damini" android application for forecast of Thunderstorm and lightening.

Mausam MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details/

Meghdoot MobileApp link: https://play.google.com/store/apps/details

Damini MobileApp link : https://play.google.com/store/apps/details